**दिनांक 19.03.2026 को अपर जिलाधिकारी (एन0जी0) की अध्यक्षता में जनपद में 'जल जीवन मिशन' के तहत नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का आयोजन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे दिनांक 19.03.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे–

1–श्री सन्देश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर।
2–श्री शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
3–श्री आशीष बाजपेयी, अवर अभियंता, एस0डब्लू0एस0एम0।
4–श्री शंकु कुमार, अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5–श्री आर0के0शुक्ल, सुपरविजन इन्जी, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
6–श्री धीरेन्द्र मौर्या, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
7–श्री सुनील शर्मा, JWIL-SPML(JV), Hamirpur
8–श्री कृष्ण बिहारी, इंजी, पी0एन0सी0 हमीरपुर।

फर्म जे.डब्लू.आई.एल–एस.पी.एम.एल (जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत सभी कार्य पूर्ण कर लिये गये है तथा कार्यदायी फर्म पी.एन.सी–एल.पी.एम.एल (जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

खण्ड विकास अधिकारी वि0ख0 कुरारा/सुमेरपुर/सरीला/राठ/गोहाण्ड/मुस्करा से प्राप्त सडक मरम्मत, नियमित जलापूर्ति, पाइप लाइन लीकेज से सम्बन्धित रिपोर्ट में उल्लिखित ग्रामों की खण्डवार समीक्षा की गयी –

वि0ख0 गोहाण्ड के पथखुरी ग्राम में विपिन तिवारी के मकान से नाथूराम गुप्ता के मकान तक व घनश्याम कुम्हार के मकान से मंगल लोधी के मकान तक आने वाले घरो में जलापर्ति नही की जा रही है, टिकुर, बिगवा, लिंगा, चकअमरपुरवा, बीरा, जखेड़ी, उमरिया, रिगवारा खुर्द मे 50 प्रतिशत जलापूर्ति हो रही है। गठहर, बरगद, पचई, त्योंतना, बिरवाही तथा अकोना ग्राम में जलापूर्ति नही की जा रही है। इसके अतिरिक्त कई राजस्व ग्रामों ने शत–प्रतिशत जलापूर्ति नही की जा रही है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पर्याप्त मानव श्रम लगाकर सम्बन्धित कार्यों यथाशीघ्र पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत नियमित शुद्व जलापूर्ति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

वि0ख0 कुरारा के ग्राम बदनपुर पंचायत घर के सामने वाली गली में, बदनपुरा चौराहे से महादेव के मकान तक, ग्राम जमरेही ऊपर मे भटपुरा रोड के बगल मे ग्राम गंदूपुर के सभी डेरो में, ग्राम बिलौटा के धनीराम के डेरे में, ग्राम गिरती में परसी का डेरा ग्राम उमराहट मे श्रीकृष्ण मंदिर के साइड वाले घरो मे जलापूर्ति नही हो रही है। ग्राम ननकी खुर्द, जखेला, झलोखर आदि ग्रामों मे जलापूर्ति नही हो रही है। इसके अतिरिक्त कई राजस्व ग्रामों मे शत–प्रतिशत जलापूर्ति नही हो रही है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पर्याप्त मानव श्रम लगाकर सम्बन्धित कार्यों यथाशीघ्र पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत नियमित शुद्व जलापूर्ति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

वि0ख0 सरीला के ग्राम तुरना में रतिराम के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक, जागेश्वर के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक, जयप्रकाश साहू के मकान से केशव के मकान तक, मूलचन्द्र के मकान से दिवाले मंदिर तक, महेन्द्र के मकान से लक्ष्मन के मकान तक, ग्राम भैसाय में बढ़ी बखरी, मुहाल नौरारा तालाब नई बस्ती हरिजन बस्ती, रोहनिया मुहाल में, ग्राम भेड़ी डांडा में जवाहर पुरवा व धुरेन्धा, जलालपुर में मस्जिद के पास मनिहार मुहाल इत्यादि ग्राम के कई मुहल्लो मे जलापूर्ति नही की जा रही है। इसके अतिरिक्त कई राजस्व ग्रामों में 30 से 50 प्रतिशत तक ही जलापूर्ति हो पा रही है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पर्याप्त मानव श्रम लगाकर सम्बन्धित कार्यों यथाशीघ्र पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत नियमित शुद्व जलापूर्ति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

वि0ख0 सुमेरपुर में ग्राम इगोहटा छानी रोड से सामुदायिक शौचालय तक, छानी रोड से क0पु0म0वि0 तक, मुमुक्षु आश्रम से बंजरगबली के मंदिर तक, विदोखर पुरई ग्राम में मन्नू प्रजापति से जयकरन के मकान तक, प्रदीप गुप्ता के मकान से विनय के मकान तक जलापूर्ति नही हो रही है। इसके अतिरिक्त कई राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नही की जा रही है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पर्याप्त मानव श्रम लगाकर सम्बन्धित कार्यों यथाशीघ्र पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत नियमित शुद्व जलापूर्ति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

वि0ख0 मुस्करा के किसी भी ग्राम में शत–प्रतिशत जलापूर्ति नही की जा रही है। जिस पर निर्देशित किया कि पर्याप्त मानव श्रम लगाकर सम्बन्धित कार्यों यथाशीघ्र पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत नियमित शुद्व जलापूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

वि0ख0 राठ के ग्राम गिरवर में पहाडी पर स्थित 15 से 20 घरों में, ग्राम बिलरख के हरिजन बस्ती में लगभग 15 घरों में, ग्राम गलिहा में अथाई मोहल्ला और मुसलमान बस्ती आदि ग्रामों के कई मुहल्लों मे जलापूर्ति नही की जा रही है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पर्याप्त मानव श्रम लगाकर सम्बन्धित कार्यो यथाशीर्घ पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत नियमित शुद्ध जलापूर्ति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

सहायक अभियंता श्री मानवेन्द्र कुमार द्वारा परियोजना का सतत पर्यवेक्षण नही किया जा रहा है एवं दी गयी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नही किया जा रहा है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा को निर्देशित किया गया कि इनके कार्यभार को कम कर दिया जाये व इनसे सम्बन्धित कार्य दूसरे अभियंताओं को बाट दिया जाये जिससे परियोजना का सतत पर्यवेक्षण व नियमित जलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 06.3.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक में कार्यदायी फर्मों, सभी सहायक/अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया था कि खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा विकासखण्ड की ग्रामवार उपलब्ध करायी गयी आख्या का सत्यापन कर दिनांक 13.03.2026 तक सत्यापन आख्या उपलब्ध करा दिया जाये किन्तु किसी भी ब्लाक की आख्या उपलब्ध नही करायी गयी है। समस्त ए0ई0 व जे0ई0 को निर्देशित किया कि शत–प्रतिशत जलापूर्ति एंव सडक मरम्मत के सम्बन्ध में विकासखण्ड वार रिपोर्ट पर एजेन्सी की अनुपालन आख्या पर अपनी स्पष्ट आख्या 25.03.2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जा सकें। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि समस्त अवर अभियंता प्रत्येक सोमवार को ग्रामवार जलापूर्ति की आख्या प्रत्येक दशा में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

उक्त के अतिरिक्त सभी फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि समय–समय पर नियमित रूप से जल की गुणवत्ता जॉच करा लिया करें तथा अवर जलाशय/वाटर स्टोरेज स्ट्रक्चरों की प्रत्येक माह में सफाई अवश्य करा ले एवं टंकियों के लीकेज आदि पर नजर रखी जाए तथा नियमित अंतराल पर पानी की टेस्टिंग की जाए।

24/3/26
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर**

*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या– 1119 /न0गंगे–पे0यो0–स0वे0(2025–26)　　　　दिनांक– 25.03.2026

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, राठ/हमीरपुर।
8. अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक मे दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए यथाशीर्घ अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
9. अधिशासी अभियता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई–मेल द्वारा)
10. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मो को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

24/3/26
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

Scanned with OKEN Scanner